समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 19 August 2026

# 500 रुपये के नोट को लेकर बड़ा अपडेट : सरकार ने किया साफ, बंद करने की खबरे ं फर्जी।

Publisher Published on 04 Jun 2025



## पीआईबी फैक्ट चेक ने किया खुलासा, नोट बंदी की कोई योजना नहीं, सर्कुलेशन मे ंजारी रहेगा ₹500 का नोट।

**नई दिल्ली, 4 जून 2025:** पिछले कुछ दिनों से सोशल मीडिया और यूट्यूब चैनलों पर **500 रुपये के नोट को बंद किए जाने** की खबरें वायरल हो रही थीं। कई जगहों पर दावा किया गया कि **सरकार जल्द ही ₹500 के नोटों को चलन से बाहर कर सकती है**, जिससे लोगों में भ्रम और चिंता का माहौल बन गया।

लेकिन अब इन अफवाहों पर **सरकारी मुहर से विराम** लग गया है। **प्रेस इंफॉर्मेशन ब्यूरो (PIB)** की फैक्ट चेक यूनिट ने इस खबर को पूरी तरह फर्जी और भ्रामक बताया है।

**क्या कहा है पीआईबी ने ?**
पीआईबी की ओर से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट जारी किया गया, जिसमें स्पष्ट तौर पर लिखा गया: "एक यूट्यूब चैनल 'कैपिटल टीवी' ने यह दावा किया है कि ₹500 के नोट बंद किए जा रहे हैं। यह दावा पूरी तरह से फर्जी है। RBI की ओर से इस तरह की कोई घोषणा नहीं की गई है। ₹500 के नोट वर्तमान में सर्कुलेशन में हैं और चालू रहेंगे।"

**नायडू के बयान के बाद अफवाहों को मिली हवा**
गौरतलब है कि आंध्र प्रदेश के **मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू** ने हाल ही में एक बयान में कहा था कि "केंद्र सरकार को ₹500 के नोट बंद कर देना चाहिए।" इस बयान के बाद सोशल मीडिया और मीडिया में 500 रुपये के नोट बंद होने की अटकलें और तेज हो

गईं।

**RBI की गाइडलाइंस और एक्सपर्ट्स की अटकले**

हाल ही में आरबीआई ने बैंकों को निर्देश दिए थे कि वे **ATM मे ₹100 और ₹200 के नोटों** की संख्या बढ़ाएं। इसके बाद कुछ एक्सपर्ट्स ने अनुमान लगाया कि सरकार ₹500 के नोट को धीरे-धीरे हटाने की योजना बना रही है। हालांकि, **सरकार या RBI** की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.